Seventeenth Loksabha

an>

Title: Need to waive off fee of students of private schools/colleges during lock down period -laid.

श्री चन्द्र प्रकाश चौधरी (गिरिडीह): पूरे देश में लॉकडाउन में धीरे-धीरे ढील दी जा रही है, मैं इस विषय पर ध्यान दिलाना चाहता हूँ कि लॉकडाउन के बाद शिक्षा के क्षेत्र में काफी बदलाव आए और इसकी मार अभिभावक और विद्यार्थी झेल रहे हैं। लॉकडाउन के समय ऑनलाइन पढ़ाई शुरू कर दी गई जिसके लिए अभिभावक के पास मोबाईल फोन के साथ इंटरनेट होना जरूरी है या लैपटॉप के जरिए ऑनलाइन पढ़ाई कर पाएंगे। जिनके एक से ज्यादा बच्चे हैं उनके सामने उन्हें काफी दिक्कत हो रही है। निजी स्कूल फीस उतना ही ले रहे हैं जबकि ऑनलाइन पढ़ाई की फीस आमतौर पर कम होती है क्यूंकि इसमें इंफास्ट्रक्चयर और बाकी सुविधाएं उपलब्ध नहीं होती। लेकिन निजी स्कूल कॉलेज मनमानी कर फीस ले रहे हैं जिनसे अभिभावक और बच्चों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।

अतः मेरा आग्रह है कि शिक्षा मंत्रालय इसमें संज्ञान ले और लॉकडाउन के समय से निजी स्कूल और कॉलेजों में लिए जा रही फीस को माफ करे।